आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालेगा। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भारत के साथ खड़ा है। नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए विश्व और वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू—कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या की और ये हमला केवल पर्यटकों पर नहीं हुआ, बल्कि भारत की आत्मा पर भी हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के एक सौ 40 करोड़ लोगों की इच्छाशक्ति के साथ हम आतंकवाद को समाप्त करेंगे। प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन भी रखा।

## प्रदेश बंद

पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में प्रदेश में व्यापारिक प्रतिष्ठान आज दोपहर तक बंद रहे। शिमला में बाज़ार एक बजे तक बंद रहे। इस दौरान भाजपा और विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों ने विरोध रैलियां निकालीं और प्रदर्शन किया। चंबा में आयोजित विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में पाकिस्तान और जेहादियों के पुतले फूंके गए। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर केशव वर्मा ने इस मौके पर कहा कि अब जेहादियों के खात्मे के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने का समय आ गया है, ताकि देश में शांति व्यवस्था बनी रहे। हमीरपुर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रांत सह—मंत्री पंकज भारतीय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और इस्लामी आतंकवाद का पुतला जलाया। कारगिल युद्ध के हीरो व भाजपा नेता ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने पहलगाम आंतकी हमले को पाकिस्तान का भू—राजनीतिक संकेत करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को फिर से इस हमले के विरोध में सर्जिकल स्ट्राइक करनी चाहिए।

## कांग्रेस रैली स्थगित

इस बीच पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनज़र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 26 अप्रैल को शिमला में प्रस्तावित संविधान बचाव रैली को स्थगित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा

सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले व इसमें मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में संविधान बचाव रैली को स्थगित किया गया है।

<u>जगत सिंह नेगी</u>

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को केंद्र सरकार की बड़ी लापरवाही करार दिया है। जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार को इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून–2006 के तहत 15 अगस्त तक ज़मीन के मालिकाना हक के लिए आवेदन करने वालों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मालिकाना हक के प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि किन्नौर ज़िला में अभी तक 3 सौ लोगों को मालिकाना हक दिए जा चुके हैं।

..................................................................................................................................................................